## अहिल्या नगर द्वारा मनाया गया नववर्ष



इंदौर। नया वर्ष सूरज की पहली किरण का स्वागत करके इंदौर के अलग अलग स्थानो पर मनाया गया वहीं इंदौर के हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रेल्वे स्टेशन पहुच कर लोगों के बीच गुड़ धनिया का प्रसाद वितरण कर नव वर्ष मनाया और सभी लोगों से नववर्ष मनाने का आव्हान भी किया।

इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के अहिल्या नगर संयोजक रमेश शर्मा ने समस्त हिन्दू समाज से अपने घर भगवा ध्वज लगाने को बात कही। रमेश शर्मा ने समस्त हिन्दू समाज को सामाजिक समरसता एवं सामाजिक सद्भाव के भाव के साथ रहने की बात कही। इस दौरान रमेश शर्मा, दिनेश अंजना, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, रौनक चावरे, आदि हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एमपी पब्लिक स्कूल की स्टार सर्च में दिखीं प्रतिभाएं



इंदौर के एमपी पब्लिक स्कूल द्वारा विद्या पैलेस गार्डन में आयोजित स्टार सर्च एक्टिविटी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का समावेश किया गया। जहां एक ओर बच्चों ने संगीत, नृत्य और नाटक में अपनी कला का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर क्रिकेट, कबड्डी और डोजबॉल जैसे खेलों में भी अपना कौशल दिखाया। स्कूल प्रशासन ने प्रतिभाशाली बच्चों के लिए विशेष पुरस्कारों की घोषणा की है। विजेताओं को सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, प्रतिभावान छात्रों को स्कूल में प्रवेश के दौरान स्कॉलरशिप और स्कूल बैग स्कूल ड्रेस और बुक्स का लाभ भी दिया जाएगा। यह आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें मंच प्रदान करने का एक सार्थक प्रयास साबित हुआ, जो उनके आत्मविश्वास और समग्र विकास में सहायक होगा।

## 19 पंचायत के सेन बधुओ का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन



इंदौर। सराठे सेन समाज कल्याण समिति इंदौर के तत्वाधान में 19 पंचायत के सेन बधुओ का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल 2025 को 21 जोड़ों का आयोजित किया जा रहा है जिसके (पीले चावल )निमंत्रण देने का अभियान आज से प्रारंभ हुआ सराठे सेन समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप सेन महिला अध्यक्ष श्रीमती राजश्री तारु योगेश वर्मा सामूहिक विवाह कल्याण समिति के अध्यक्ष कैलाश श्रीवास संदलपुर महिला अध्यक्ष श्रीमती अरुना शिव कुमार श्रीमती पिंकी रवि कुमार सेन कोषाध्यक्ष ने बताया कि सराठे सेन समाज द्वारा 21 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन परम पूज्य श्री सैनाचार्य स्वामी श्री अचलानंदाचार्य जी महाराज के फ्रअवतरण दिवसफ्र(अक्षय तृतीया) के पुनीत पावन अवसर पर 30 अप्रैल को आयोजित किया गया है जिसके (पीले चावल )निमंत्रण सराठे सेन समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी महिला समिति के पदाधिकारी घर-घर जाकर निमंत्रण देने का अभियान गुड़ी पड़वा के पुनीत पावन अवसर से प्रारंभ किया गया।

### कार्टून कोना..........




# निगम मुख्यालय के सामने बने फिश मटन मार्केट में अवैध तरीके से मांस बेचने का मामला...

इन्दौर (नवीन मौर्य) । चैत्र नवरात्रि व गुड़ी पड़वा पर इंदौर में सभी प्रकार के मांस विक्रेता के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया था बावजूद इसके नगर निगम मुख्यालय के सामने बने मटन मार्केट में अवैध रूप से कच्चा मांस बेचा जा रहा था जिसकी जानकारी बजरंग दल को लगी बजरंग दल मौके पर पहुंचे और जानकारी सही पाई गई।







बजरंग दल नेता पप्पी ठाकुर ने बताया कि मटन दुकान में सील भी इस तरीके से लगाई गई थी ताकि व्यक्ति दुकान के अंदर जा सके, बजरंग दल ने नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ऋषि कुमार और मटन संचालक दोनों की मिली भगत का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि यह मटन मार्केट नगर निगम के अंतर्गत ही आता है ।

बजरंग दल कार्यकर्ता पप्पी ठाकुर ने नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ऋषि कुमार और मटन संचालक पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उस पर केवल 1 हजार रुपये स्पॉट फाइन देकर रवाना कर दिया जिससे नाराज बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाना एमजी रोड पर पहुंचकर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ऋषि कुमार और मटन दुकान संचालक पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की।

**नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे स्न्न रोड़ थाने,**

**नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ऋषि कुमार पर लगाया मिली भगत का आरोप**

फिलहाल थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा दिया शिकायती आवेदन ले लिया है और जांच की बात कही है थाना प्रभारी का कहना है कि इस पूरे मामले में जो भी तथ्य जांच में आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी ।

बजरंग दल ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी ऋषि कुमार और मटन संचालक पर FIR दर्ज करने की रखी मांग

बजरंग दल ने नगर निगम पर लगाया मिली भगत का आरोप, मटन दुकान में सील करने के बावजूद बेचा जा रहा था कच्चा मांस

बजरंग दल ने MG रोड़ थाने में दिया शिकायती आवेदन, मटन संचालक पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही।

## हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा के साथ एनएच 7 विकेंडर इंदौर में

इंदौर। एनएच 7 विकेंडर ने इंदौर में पहली बार सैटेलाइट शो की मेजबानी करते हुए फीनिक्स सिटाडेल में एक अविस्मरणीय शाम पेश की। आधिकारिक टाइटल प्रायोजक के रूप में हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा द्वारा प्रस्तुत, इस कार्यक्रम में संगीत, सौहार्द और सार्थक संबंधों का जश्न मनाया गया।



इस उत्सव में ऊर्जावान उषा उत्थुप, द वेस्टर्न घाट, तान्या सोजतिया सहित कई बेहतरीन कलाकार शामिल थे और पुरानी यादों को ताज़ा कराने वाला प्रिय बैंड - यूफोरिया भी शामिल था। हाउस ऑफ़ मैकडॉवेल्स सोडा के लिए तैयार विशेष मंच उत्सव की धड़कन बन गया, जहाँ प्रशंसक अपने यारों के साथ झूमे और अपने पसंदीदा कलाकारों के प्रदर्शन पर खूब थिरके। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण मैकडॉवेल्स एक्स रेंज का लांच था जिसमें वोडका, जिन, सिट्रॉन रम और डार्क रम का बेहतरीन संग्रह शामिल है जिसे एक ऐसी पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है जो बोल्ड और अप्रत्याशित मिश्रणों को अपनाती है। मैकडॉवेल्स हाउस की एक्स सीरीज ने फेस्टिवल बार में फिल्टर कापी, अदरक दालचीनी और चक्र फूल जैसे आनन्दी भारतीय-प्रेरित स्वादों के साथ उपस्थित लोगों के लिए कॉकटेल का अनुभव और भी बेहतर बना दिया।

वरुण कुरिच, उपाध्यक्ष और पोर्टफोलियो प्रमुख, मार्केटिंग, डियाजियो इंडिया ने एनएच7 वीकेंडर में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ÷अपनी शुरुआत से ही, एनएच7 वीकेंडर सिर्फ़ एक संगीत समारोह से कहीं बढ़कर उन पलों का जश्न है, जब दोस्त एक साथ आते हैं और ऐसी यादें बनाते हैं जो जीवन भर उनके साथ रहती हैं।

## 250 किलो रंगों से 1200 स्क्वेयर फीट की रंगोली बनाई

इन्दौर। मशहूर रंगोली आर्टिस्ट शिखा शर्मा ने गुड़ी पड़वा के अवसर पर फीनिक्स सिटाडेल में 1200 वर्ग फीट की भव्य रंगोली बनाई है।




बता दें कि शिखा शर्मा को विश्व रिकॉर्ड बुक द्वारा सबसे बड़ी रंगोली बनाने के लिए शामिल किया गया है। उनकी इस भव्य रंगोली को बनाने के लिए 250 किलोग्राम रंगों का इस्तेमाल किया गया है।

तकरीबन 26 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद तैयार इस रंगोली का गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर महाराष्ट्रीयन समुदाय, एम ग्रुप और अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में अनावरण किया गया।

## अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र का दो दिवसीय गणगौर महोत्सव आज से



इंदौर। अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र के तत्वावधान में दो दिवसीय गणगौर महोत्सव का दिव्य आयोजन 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को किया जाएगा। इस दौरान सोमवार, 31 मार्च को गणगौर का भव्य बाना निकाला जाएगा, वहीं 1 अप्रैल को आनंद नगर स्थित आनंद मंगल परिसर में गणगौर उजमन एवं कार्निवाल का आयोजन भी होगा। इसमें नवलखा क्षेत्र की 30 से अधिक कालोनियों की महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में शामिल होंगी।

संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष पिंकी गोयल ने बताया कि सोमवार को शाम 5 बजे मंगल मूर्ति उद्यान से आनंद मंगल परिसर तक गणगौर का भव्य बाना निकाला जाएगा, जिसमें व्रत का उजमन करने वाली महिलाएं ईसर-गौरा के रूप में सज-धजकर शामिल होंगी। मार्ग में अनेक स्थानों पर जगह-जगह गणगौर बाने का स्वागत भी होगा।

## जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर अभिषेक पँवार ने साझा किए विचार

इंदौर। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए फीलगुड प्लास्टिक बैंक द्वारा आयोजित सुधीर संवाद ङ्क हिमालयन टॉक सीरीज (चैप्टर-1) का आयोजन वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




इस कार्यक्रम में युवाओं और बच्चों के साथ सार्थक संवाद हुआ, जिसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने और सतत जीवनशैली अपनाने के उपायों पर अपने विचार साझा किए। सहयोगी संस्थाओं फीलगुड प्लास्टिक(भलू लगद) ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि वॉयस ऑफ माउंटेंस दिल्ली (नोएडा) ने मीडिया पार्टनर के रूप में सहयोग दिया।

मुख्य वक्ता और विशेष अतिथि अभिषेक पंवार, जो एक युवा जलवायु कार्यकर्ता सामाजिक विश्लेषक और 19वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन युवा सम्मेलन (COY19) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्वकर्ता, ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और समाधानों पर विस्तार से चर्चा की। सतत विकास लक्ष्य (SDGs), सर्वोदय, जलवायु परिवर्तन और समावेशी नीति निर्माण के लिए कार्यरत अभिषेक पंवार ने युवाओं को इस वैश्विक चुनौती में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। दीपक मैठाणी, फीलगुड प्लास्टिक बैंक के स्टेट कोऑर्डिनेटर, लेखक और जलवायु कार्यकर्ता, ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और सतत विकास पर अपने अनुभव साझा किए। दीपक मैठाणी ने इस संवाद के समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) के रूप में भी कार्य किया और इसे सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने इंदौर के सांसद को दिया ज्ञापन

इंदौर। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी से प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सोपा जिसमें आयुष्मान कार्ड 70 साल की उम्र वालों के बनाए जा रहे हैं जबकि कई कारण से शासकीय कर्मचारी 60 या 62 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत हो जाते हैं।



सेवानिवृत होने के बाद कई बार कई कर्मचारी गंभीर बीमारियों से परेशान हो जाते हैं लेकिन उन्हें आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल पाता जिस का इलाज करवाने में वह आर्थिक रूप से कमजोर व परेशान हो जाते हैं प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने इंदौर सांसद से ज्ञापन देकर मांग की है कि इसे संशोधित कर 60 वर्ष की उम्र से लागू किया जाए जिससे कि सभी शासकीय कर्मचारियों को इलाज कराने में आसानी मिल सके ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांत अध्यक्ष श्याम जोशी, अध्यक्ष मार्तंड राव खान विल कर, उपाध्यक्ष सुधाकर कारकिड, माधवराव अहिरकर, भरत कुमार सातब, सचिव पी नरेंद्र पवार, कोषाध्यक्ष उदय पवार, नारायण शर्मा, संयुक्त सचिव विजय म्हात्रे, आरके जायसवाल, सदस्य जी आर मीरानी, रमेश मेहता, अशोक भागवत, दीपक गायकवाड, बालकृष्ण मौर्य, हेमंत मुरम्कर, जी आर शर्मा, प्रमोद मेहता, माधव राव भोसले, चेतन भोसले, दिलीप राठौड़, शैलेंद्र जैन, एसपी शर्मा, नरेंद्र पवार, सचिन मार्तंड राव खानविलकर, जिला अध्यक्ष महिला संयोजक श्रीमती मोहिनी श्रीवास्तव, श्रीमती मंजुला सक्सेना, श्रीमती चंद्रप्रभा शिंदे, श्रीमती विजय धमधेरे, श्रीमती शशि कला निकम, श्रीमती नंदनी जाधव, श्रीमती निर्मला कोकाटे, श्रीमती इंदिरा कांटे, श्रीमती प्रतिभा पवार, श्रीमती शोभा कल्याणी, श्रीमती ज्योति निकम, श्रीमती पुष्पा कदम बांडे, श्रीमती अनीता कदम आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अमन चैन की दुआ के साथ रोजा इफ्तार का आयोजन

इन्दौर। देश, प्रदेश और शहर में अमन-चैन की दुआएं फरमाने के साथ लाल शाह वाली दरगाह पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में सर्व धर्म समाज के लोग शामिल हुए। विजय राठौर ने बताया कि आसपास के गांव के रहवासी भी उपस्थित थे।

पार्षद श्याम सोनी, सूर्यकुमार ओस्तवाल जाहिद खान, भययु भाई, ठाकुर जीवन सिंह, इसाक पठान, जीतू कुमावत, विकास सोनी, मोहन जेन , रामचरण सोलंकी, जाकिर भाई, अंतर चौधरी, हाफिज नेता, कमल चौधरी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

## सुनवाई हेतु रिर्काड की इलेक्ट्रानिक प्रति की सुविधा के लिए एक तंत्र विकसित किया जाए - हाइकोर्ट

इन्दौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में जस्टिस संजीव एस. कालगांवकर की एकल पीठ ने अखिलेश बनाम मध्यप्रदेश राज्य प्रकरण में निलंबन आवेदन की सुनवाई करते। निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा- सर्वर से स्कैन किए गए इलेक्ट्रानिक रिकार्ड प्राप्त करने और सॉफटवेयर की उपलब्धता देखते हुए यह उचित होगा कि सजा के खिलाफ पुनरीक्षण या अपील में दायर निलबन आवेदनों पर विचार करने के लिए रिर्काड की इलेक्ट्रानिक प्रति की सुविधा के लिए एक तंत्र विकसित किया जाए ताकि रिर्काड नियमित प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो।

प्रकरण में अधिवक्ता मनोहरसिंह चौहान ने जेल में बंदी विचाराधीन कैदियों की सुनवाई के समय अधिनस्थ न्यायालय का रेकार्ड सुगमता से उपलब्ध हो। इस हेतु आदेश प्रदान किया जाना न्यायोचित होगा। के पक्ष में निर्देश देने का निवेदन किया था।

याचिका सुनवाई के दौरान न्यायालय में।रेकार्ड संबंधी वस्तुस्थिति को स्पष्ठ करने के लिये रजिस्ट्रार आईटीसीएसए कुलदीपसिंह कुशवाह, वरिष्ठ रजिस्ट्रार आईटीएसए एफएच काजी वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उपस्थित हुए और उन्होंने कोर्ट को बताया कि जिला और तहसील स्तर पर न्यायालयों को लगभग 2100 स्केनर उपलब्ध कराए गए हैं तथा प्रत्येक न्यायालय में एक स्केनर लगा हुआ है।

इसके अलावा जिला और तहसील न्यायालयों के स्केनिंग सेटर और रिकार्ड रूम में भी हाई स्पीड स्केनर लगाए गए हैं। सजा के फैसले के तीन कार्य दिवसों में केस रिकार्ड को स्कैन करने के लिये प्रशासनिक निर्देश जारी किए जाते है तो इलेक्ट्रानिक रिकार्ड को बिना किसी अनावश्यक देरी के पुनरीक्षण और अपील पर सुनवाई के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके बाद कोर्ट ने ये निर्देश जारी किए।